वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 15.12.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर"अमर उजाला, हिन्दुस्तान, परफेक्ट मिशन, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला–दि0 15.12.2025

वसूली के लिए वीडीए में विशेष कैंप आज

वाराणसी। वीडीए की ओर से सोमवार को आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वसूली के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा के अनुसार वीडीए सभागार में सुबह 10 बजे से आयोजित कैंप में बकायेदारों से वसूली की जाएगी। इस कैंप का उद्देश्य बकायेदारों को एक ही स्थान पर सरल, त्वरित एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से बकाया धनराशि जमा करने की सुविधा प्रदान करना है। वीडीए के अभिलेखों के अनुसार कुल 279 बकायेदारों पर लगभग 18 करोड़ की बकाया धनराशि देय है। ब्यूरो

हिन्दुस्तान–दि0 15.12.2025

1 वीडीए सभागार में आज लगेगा कैंप

वीडीए मुख्यालय में सोमवार को बकायेदारों से राजस्व वसूली के लिए कैंप लगाया जाएगा। इसमें बकायेदार एक स्थान पर जानकारी लेने के साथ राशि जमा कर सकेंगे। यह कैंप वीडीए सभागार में सुबह 11 बजे से लगेगा।

वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

परफेक्ट मिशन–दि0 15.12.2025

बकायेदारों की वसूली हेतु कैंप का आयोजन आज

वाराणसी (परफेक्ट मिशन)। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बकायेदारों की वसूली हेतु विशेष कैंप का आज आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप का उद्देश्य बकायेदारों को एक ही स्थान पर सरल, त्वरित एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से बकाया धनराशि जमा करने की सुविधा प्रदान करना है।प्राधिकरण के अभिलेखों के अनुसार कुल 279 बकायेदारों पर लगभग 18 करोड़ की बकाया धनराशि देय है। उक्त बकाया की वसूली को सुगम बनाने के उद्देश्य से यह कैंप आयोजित किया जा रहा है।कैंप में सभी प्रमुख बैंक संस्थानों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है, जिससे भुगतान प्रक्रिया और अधिक सुगम एवं प्रभावी हो सके।

न्यायाधीश–दि0 15.12.2025

बकायेदारों की वसूली हेतु कैंप आज

वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बकायेदारों की वसूली हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप का उद्देश्य बकायेदारों को एक ही स्थान पर सरल, त्वरित एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से बकाया धनराशि जमा करने की सुविधा प्रदान करना है।प्राधिकरण के अभिलेखों के अनुसार कुल 279 बकायेदारों पर लगभग 18 करोड़ की बकाया धनराशि देय है। उक्त बकाया की वसूली को सुगम बनाने के उद्देश्य से यह कैंप आयोजित किया जा रहा है।कैंप में सभी प्रमुख बैंक संस्थानों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है, जिससे भुगतान प्रक्रिया और अधिक सुगम एवं प्रभावी हो सके।कैंप का विवरण 15 दिसम्बर 2025 को वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार।वाराणसी विकास प्राधिकरण सभी संबंधित बकायेदारों से अपील करता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ उठाएँ तथा समय से अपने बकाया का निस्तारण सुनिश्चित करें।